संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई तो 20 वर्ष बाद आवंटी को मिला भूखंड़ का कब्जा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की राजस्थान संपर्क हैल्पलाइन आमजन के लिए वरदान साबित

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की राजस्थान संपर्क हैल्पलाइन 181 आमजन के लिए वरदान साबित हो रही है। जयपुर निवासी एक परिवार को इसी हैल्पलाइन की मदद से 20 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भूखंड का भौत्तिक कब्जा मिला है। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशन में 20 वर्ष पुराने प्रकरण इस प्रकरण का समाधान हुआ है।

जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि, आवेदक हरदेवाराम कालेर को वर्ष 2006 में भूखण्ड संख्या 264 (क्षेत्रफल 324 वर्गमीटर) आवंटित किया गया था। वर्ष 2007 में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा क्षेत्र की रि-प्लानिंग के दौरान उन्हें भूखण्ड संख्या 274

(क्षेत्रफल 324 वर्गमीटर) आवंटित करते हुए संशोधित साइट प्लान जारी किया गया। हालांकि रि-प्लानिंग के दौरान हुए ओवरलैपिंग के कारण आवंटी को पूर्ण क्षेत्रफल उपलब्ध नहीं हो पाया, ऐसे में भूखण्ड का

- **जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशन में हुआ 20 वर्ष पुराने प्रकरण का समाधान**

भौतिक कब्जा नहीं दिया जा सका और प्रकरण लम्बे समय तक लंबित रहा। राजस्थान सम्पर्क-181 पोर्टल पर प्राप्त परिवाद के पश्चात् जेडीए के जोन कार्यालय तथा अभियांत्रिकी प्रकोष्ठ की संयुक्त टीम द्वारा स्थल का पुनः निरीक्षण किया गया। विस्तृत तकनीकी परीक्षण के उपरांत पाया गया कि भूखण्ड संख्या 270 से 273 की ओर से माप किए जाने पर भूखण्ड संख्या 274 को अनुमोदित मानचित्र के अनुसार पर्याप्त क्षेत्रफल उपलब्ध कराया जाना संभव है।

इसके पश्चात आवेदक हरदेवाराम कालेर से फोन पर संपर्क कर उन्हें संशोधित कब्जा पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अवगत कराया गया। आवेदक द्वारा नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन करने पर जयपुर विकास प्राधिकरण ने मात्र 2 कार्य दिवस में संशोधित कब्जा पत्र जारी करते हुए 5 मार्च 2026 को भूखण्ड का भौतिक कब्जा सुपुर्द कर दिया। करीब दो दशकों के लंबे इंतजार के बाद भूखण्ड का कब्जा मिलने पर आवेदक हरदेवाराम ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन का आभार जताया है।

एम्बुलेंस में शव रखकर टूटी सड़क को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन

चांदपोल बाजार स्थित बाबा हरिचंद्र मार्ग पर हंगामे के कारण करीब एक घंटे तक लगा भारी ट्रैफिक जाम

जयपुर । चांदपोल बाजार स्थित बाबा हरिचंद्र मार्ग पर खराब सड़क को लेकर पार्षद अरविंद मेठी ने अपने समर्थकों के साथ एम्बुलेंस में शव रखकर विरोध-प्रदर्शन किया और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी दी। विरोध- प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन मौके पर पहुंचा और खराब सड़क को जल्द दुरुस्त करवाने का आश्वासन देकर विरोध-प्रदर्शन खत्म कराया।

वार्ड 101 के पार्षद अरविंद मेठी

- **पुलिस-प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी पार्षद व उनके समर्थक लौटे**

ने बताया कि विधायक प्रत्याशी चंद्रमोहन बटवाड़ा ने कई महीनों पहले सड़क निर्माण कार्य शुरु करवाने के लिए पुरानी सड़क तुडवा दी थी, लेकिन इसका निर्माण नहीं करवाया। जिसके चलते यहां के स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेठी का आरोप है कि बाबा

चांदपोल बाजार स्थित बाबा हरिचंद्र मार्ग पर खराब सड़क को लेकर पार्षद अरविंद मेठी ने अपने समर्थकों के साथ एम्बुलेंस में शव रखकर विरोध-प्रदर्शन किया।

हरिश्चंद्र मार्ग पर रहने वाले अस्थमा के मरीज संदीप शर्मा (41) धूल मिट्टी से मौत हुई है। जिसका जिम्मेदार प्रशासन है। इंदिरा बाजार में शव रखने कर विरोध -प्रदर्शन के दौरान करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। जाम और विरोध प्रदर्शन की सूचना पर प्रशासन मौके पर पहुंचा। जिसके बाद आलाअधिकारियों ने खराब सड़क को जल्दी दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया और प्रदर्शन कारियों से शव को सड़क से हटाने की अपील की। प्रशासन की अपील के बाद दोनो पक्षों में सहमति बन गई।

101 बटुकों का उपनयन संस्कार

जयपुर । ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से रविवार को कागलिया वाले बालाजी, मोरीजा रोड, चौमूं में भव्य सामूहिक उपनयन (जनेऊ) संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के बीच आयोजित इस समारोह में 101 बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, अभिभावक और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने की।

इस अवसर पर विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान

- **वैदिक मंत्रों से गूंजा कागलिया वाले बालाजी परिसर**
- **ब्राह्मण समाज राजस्थान ने किया उपनयन कार्यक्रम**

से बटुकों को यज्ञोपवीत धारण कराया और उन्हें सनातन परंपराओं, संस्कारों तथा धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। पूरे परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा और उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को समाज की संस्कृति और

चौमूं के नजदीक मोरीजा रोड पर कागलिया वाले बालाजी मंदिर में रविवार को उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित हुआ।

परंपराओं को मजबूत करने वाला बताया।

प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने कहा कि उपनयन संस्कार हिंदू संस्कृति का एक महत्वपूर्ण संस्कार है, जो बालक को शिक्षा, अनुशासन और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजन समाज में एकता और संस्कारों के संरक्षण का सशक्त माध्यम बनते हैं।

इस आयोजन के संयोजक भुवनेश तिवारी (जिला अध्यक्ष, जयपुर ग्रामीण) और सह-संयोजक बनवारी लाल शर्मा (जिला महामंत्री, जयपुर ग्रामीण) रहे। जिला कार्यकारिणी और समाज के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. शारदा शर्मा सहित समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और अन्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान समाज के लोगों ने वैदिक परंपराओं के संरक्षण और समाज के

बस्सी में भात भरने आए 16 रिश्तेदारों को तेज रफ्तार कार ने कुचला

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । जमवारामगढ़ से बस्सी आकर 16 लोगों को रिश्तेदारों का भात भरना भारी पड़ गया। डीजे की धुन पर नाचते -गाते समय एक तेज रफ्तार कार ने 16 लोगों को गंभीर रुप से घायल कर दिया। जिसके बाद भात की खुशियां चकनाचूर हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी 16 घायलों को बस्सी के प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। हालांकि इस हादसे में किसी ने कोई मामला दर्ज नहीं कराया है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को जमवारामगढ़ से 50 लोग भात भरने के लिए बस्सी आए थे। एनडीपीसी मोड पर रात करीब 9 बजे भात भरने 50 लोग डीजे पर नाचते-गाते मालियों की ढाणी जा रहे थे। तभी डीजे के पीछे धीरे-धीरे चल रही ऑल्टो कार के चालक से ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दब गया। जिससे

- **डीजे पर नाचते गाते लोगों पर चढ़ी तेज रफ्तार कार, ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबने से हुआ हादसा**
- **इस हादसे में सात लोग गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है**

कार ने अचानक से रफ्तार पकड़ ली और डीजे पर नाच रहे 16 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे चिकित्सक ने जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। हालांकि इस हादसे में किसी ने कोई मामला दर्ज नहीं कराया है।

"जामुन का पेड़" नाटक 15 मार्च को

जयपुर । रंगशिल्प की ओर से रवींद्र मंच के संरक्षण और उसके महत्व को लेकर 15 मार्च को सायं 7 बजे रविंद्र मंच पर व्यंग्य नाटक 'जामुन का पेड़' का मंचन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह नाटक प्रशासनिक व्यवस्थाओं और उनके कार्यकलापों पर तीखा व्यंग्य प्रस्तुत करता है।

साथ ही इसके माध्यम से रविंद्र मंच की वर्तमान स्थिति और राज्य सरकार की अनदेखी का मुद्दा भी उठाया जाएगा। रंगशिल्प का कहना है कि पर्याप्त बजट के अभाव में रविंद्र मंच की इमारत जर्जर होती जा रही है। सांस्कृतिक गतिविधियों में कमी और लोगों की घटती भागीदारी भी इसी का परिणाम है। रंगकर्मियों और विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं ने समय-समय पर सरकार से रविंद्र मंच के रखरखाव के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने की मांग की है। रंगशिल्प का उद्देश्य इस नाटक के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना है।

मां पन्नाधाय की प्रतिमा का अनावरण

जयपुर । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गुलाबी नगरी जयपुर में आयोजित दो दिवसीय "शक्ति वंदन-भारत के स्व का अभिनंदन" महोत्सव नारी शक्ति, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक गौरव के अद्भुत संगम का साक्षी बना। कार्यक्रम में समाज, प्रशासन, कला और शिक्षा जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। महोत्सव के तहत आयोजित मां पन्नाधाय नारी शक्ति महोत्सव में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने मां पन्नाधाय की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया।

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आज देश की महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और राजनीति सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय परंपरा में नारी को देवी का स्थान दिया गया है। महिला सशक्तिकरण केवल अधिकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास, शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से समाज को दिशा देने की क्षमता भी है।

निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि यह महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण का उत्सव है। इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं को मंच देकर अनुभव, संघर्ष और उपलब्धियों को साझा करने का अवसर दिया जा रहा है।

11 मार्च को मनाई जाएगी शीतलाष्टमी

जयपुर । हिंदू परंपरा में स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ा पर्व शीतलाष्टमी 11 मार्च (बुधवार) को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस दिन शीतला माता की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि,आरोग्य और रोगों से रक्षा की कामना की जाती है। पर्व की विशेषता यह है कि माता को बासी पकवानों का भोग लगाया जाता है, जिसे स्थानीय भाषा में 'बासौड़ा' कहा जाता है।

पंडित महेन्द्र जोशी ने बताया कि शीतलाष्टमी हर वर्ष चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन शीतला माता को एक दिन पहले तैयार किए गए शीतल भोजन का भोग अर्पित किया जाता है। इस बार शीतला अष्टमी का पूजन मुहूर्त सुबह 6:03 बजे से शाम 5:56 बजे तक रहेगा। शीतलाष्टमी से एक दिन पहले सप्तमी को घरों में राबड़ी, दही, पुए, कांजी बडे, दही बडे, बेजड़, बाजरे की रोटी, पूड़ी-पकौड़ी, पंचकूटे का साग, कढ़ी-चावल सहित कई प्रकार के पकवान बनाए जाते हैं। अष्टमी के दिन इन्हीं पकवानों का माता को भोग लगाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। कई स्थानों पर महिलाएं समूह में मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करती हैं और परिवार की कुशलता की कामना करती है। पं. महेन्द्र जोशी के अनुसार शीतला माता की पूजा का धार्मिक के साथ स्वास्थ्य से भी संबंध है।

सेल्समैन से मारपीट करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

आरोपी ने 27 फरवरी को सांगानेरी गेट स्थित आईसीटीएल नेक्सा शोरूम के सेल्समैन मोहित गुर्जर के साथ रंगदारी को लेकर मारपीट की थी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । लाल कोठी पुलिस टीम ने सेल्समैन से मारपीट कर रंगदारी वसूलने के मामले में एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे का पाइप भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि 27 फरवरी 2026 को सांगानेरी गेट स्थित मिश्रा मार्केट में आईसीटीएल नेक्सा शोरूम के सेल्समैन मोहित गुर्जर के साथ रंगदारी को लेकर मारपीट की गई थी। हमले में सेल्समैन के दो-तीन दांत टूट गए और उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल और अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रथम मनीष अग्रवाल के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस

- **पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे का पाइप बरामद किया**

ने तकनीकी साक्ष्यों और कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी दानिश कुरैशी (32) निवासी रामगंज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जयपुर उत्तर के रामगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है और वारदात के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी दानिश के खिलाफ जयपुर आयुक्तालय क्षेत्र में मारपीट, अवैध वसूली और अवैध हथियारों से जुड़े करीब 16 मामले दर्ज हैं। थानाधिकारी प्रकाश राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को उसके ठिकाने से दबोचा। इस कार्रवाई में कांस्टेबल अब्दुल आमीन की विशेष भूमिका रही। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

ईद की खरीदारी से गुलजार हुए बाजार

जयपुर । रमजान माह का पखवाड़ा बीतने के साथ ही राजधानी के बाजारों में ईद की खरीदारी शुरू हो गई है। रोजा और इफ्तार के बाद शाम ढलते ही परकोटे के बाजारों में चहल-पहल बढ़ने लगती है और देर रात तक खरीदार खरीदारी में जुटे रहते है।

ईद के मद्देनजर जयपुर का रामगंज बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आ रहा है। यहां के साथ ही दर्डा मार्केट, चांदपोल बाजार, खजाने वालों का रास्ता और बड़ी चौपड़ क्षेत्र में भी खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। कपड़ों, जूतियों, क्रॉकरी और खाद्य पदार्थों की दुकानों पर सबसे ज्यादा रौनक है। व्यापारी अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाकर ग्राहकों को लुभाने में लगे हैं। परकोटे के अलावा शास्त्री नगर, झोटवाड़ा, हसनपुरा और अन्य मुस्लिम बहुल इलाकों से भी लोग ईद की खरीदारी के लिए रामगंज बाजार पहुंच रहे हैं। शाम से शुरू होने वाली भीड़ देर रात तक बनी रहती है। रामगंज बाजार के कपड़ा व्यापारियों का कहना है कि रमजान की शुरुआत से ही बाजार में अच्छी हलचल है और ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। हालांकि पिछले साल की तुलना में फिलहाल बाजार थोड़ा धीमा है, लेकिन रमजान के अंतिम दिनों में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

10 लाख के जेवरात व विदेशी मुद्रा बरामद

जयपुर (कासं)। कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इलाके में हुई नकबजनी की वारदात करने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 10 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और विदेशी मुद्रा बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इलाके में हुई नकबजनी की वारदात करने वाले अजय सिंह उर्फ गोपी (34) निवासी जामडोली, अजय गुप्ता (27) निवासी सुमेल रोड जामडोली और सूरज प्रजापत (35) निवासी तीतरवाड़ा जिला दौसा (हाल जामडोली) को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे के आदी हैं और चोरी का माल बेचकर या गिरवी रखकर मिले पैसों को नशे में खर्च करते हैं। आरोपी अजय सिंह और अजय गुप्ता के खिलाफ पूर्व में सांगानेर, तूंगा और कानोता थानों में चोरी, किडनैपिंग और आबकारी अधिनियम के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने की चेन, अंगूठियां, चांदी के कड़े, पायजेब, चांदी की सिल्ली तथा

- **नकबजनी गिरोह के तीन बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े**

दुबई और रियाल की विदेशी मुद्रा बरामद की है। थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह ने बताया कि 14 जनवरी 2026 को परिवादी रमेश चंद बैरवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 जनवरी को वह अपने घर (आशियाना कॉलोनी) पर ताला लगाकर ससुराल गया था।

इसी दौरान अज्ञात बदमाश मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और सोने की अंगूठियां, चेन, कुंडल, करीब 750 ग्राम चांदी के कड़े, चांदी की ईंट, सिक्के, गुल्लक में रखी नकदी तथा करीब 700 दुबई दिरहम की विदेशी मुद्रा चोरी कर ले गए। इस घटना के खुलासे के लिए विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साधनों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई और बरामदगी में हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह की विशेष भूमिका रही।

सार-समाचार

अर्बना रेजीडेंसी में क्लीनिक का शुभारंभ

जयपुर । राजस्थान हॉस्पिटल की ओर से रविवार को मुहाना रोड स्थित अर्बना रेजीडेंसी में आरएचएल सहारा क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन राजस्थान हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉक्टर एस.एस.अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेंद्र भार्गव मौजूद रहे। गौरतलब है कि जे.एल.एन. मार्ग पर स्थित यह 650 बेडेड राजस्थान हॉस्पिटल प्रोजेक्ट, जिसमें वर्तमान में 350 बेड संचालित हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान हॉस्पिटल केवल एक अस्पताल नहीं बल्कि एक हीलिंग होम है। यहाँ विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ आईसीयू कैथ लैब पेटसिटी, एमआरआई और लिनियर एक्सीलरेटर जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। कार्यक्रम में अर्बनना रेजिडेंसी के पदाधिकारी अध्यक्ष सुखविंदर सिंह मांकू, सचिव ललित किशोर पांडेय, उपाध्यक्ष चित्रा भार्गव और कोषाध्यक्ष पियूष माथुर सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

पांच बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

जयपुर । ब्रह्मपुरी पुलिस ने विशेष अभियान के तहत मादक पदार्थ, अवैध हथियार और सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार प्रकरण दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, चोरी की स्कूटी, चरस और जुआ-सट्टा राशि बरामद की है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश के बाद अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक व सहायक पुलिस आयुक्त (आमेर) सुरेन्द्र सिंह राणावत के निर्देशन में थानाधिकारी हेमन्त जनागल के नेतृत्व में टीमों ने यह कार्रवाई की। कार्रवाई के तहत राजीव पुरी कॉलोनी निवासी राजेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ राजू पिकअप (33) को अवैध धारदार कटार और मानसरोवर क्षेत्र से चोरी हुई होंडा एक्टिवा के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं रामगंज निवासी मोहम्मद यासर खान (33) को 19 ग्राम अवैध चरस के साथ पकड़ा गया, जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा जमवारामगढ़ निवासी महेन्द्र कुमार बुनकर (28) को सट्टे की खाईवाली करते हुए उपकरण व नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं चंदवाजी निवासी शौकत अली और जितेन्द्र मीणा को ताश के पत्तों पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर जुआ राशि जब्त की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विजया रहाटकर आज लेंगी बैठक

जयपुर । महिलाओं की सुरक्षा और उनसे जुड़े मामलों की प्रभावी निगरानी को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर सोमवार को पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक लेंगीं। यह महत्वपूर्ण बैठक दोपहर एक बजे आयोजित होगी। जिसमें पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को अवाड्र्स और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

'फेफड़ों की बीमारियों का पता लगाने के लिए सटीक जांच जरूरी'

आंच ब्रीथकॉन 2026 में विशेषज्ञों ने कहा कि "इंटरस्टिशियल लंग डिजीज, टीबी और सी.ओ.पी.डी जैसी बीमारियों में खांसी, सांस फूलना और सीने में जकड़न के लक्षण समान, इसलिए सही जांच से ही निदान संभव"

आंच ब्रीथकॉन-2026 कार्यशाला में विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

जयपुर । फेफड़ों की कई बीमारियों के लक्षण एक-दूसरे से मिलते-जुलते होने के कारण कई बार सही बीमारी की पहचान में कठिनाई होती है। यह विचार रविवार को जयपुर में चल रहे आंच ब्रीथकॉन 2026 में विशेषज्ञों ने रखे।

वरिष्ठ चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. एम. के. गुप्ता ने बताया कि इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (आई.एल.डी), टीबी और सी.ओ.पी.डी जैसी बीमारियों में खांसी, सांस फूलना और सीने में जकड़न जैसे लक्षण समान हो सकते हैं, इसलिए सही जांच के माध्यम से ही इनका सटीक निदान संभव है।

उन्होंने बताया कि कई मरीज लंबे समय तक खांसी और सांस फूलने की समस्या को सामान्य समझकर इलाज लेते रहते हैं, जबकि वास्तव में उन्हें किसी अन्य प्रकार की फेफड़ों की बीमारी हो सकती है। ऐसे मामलों में एचआरसीटी स्कैन, फेफड़ों की कार्यक्षमता जांच (स्पाइरोमेट्री और डी एल सी ओ) तथा अन्य आधुनिक परीक्षणों की मदद से बीमारी की सही पहचान की जा सकती है।

विशेषज्ञों ने कहा कि आज के समय में प्रदूषण, धूल और पर्यावरणीय कारणों के चलते फेफड़ों की बीमारियों के मामलों में वृद्धि हो रही है। इसलिए यदि किसी व्यक्ति को लंबे समय तक खांसी, सांस फूलना या थकान की समस्या बनी रहे तो उसे विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित जांच करवानी चाहिए।

आंच ब्रीथकॉन 2026 के तहत आयोजित वैज्ञानिक कार्यक्रम में देश के कई विशेषज्ञ फेफड़ों की जटिल बीमारियों पर अपने अनुभव साझा करेंगे। डॉ. राजकुमार इंटरस्टिशियल लंग डिजीज के आधुनिक निदान और उपचार के बारे में जानकारी देंगे, जबकि डॉ. साहजल सारकॉइडोसिस सहित अन्य जटिल फेफड़ों की बीमारियों के प्रबंधन पर अपने विचार साझा करेंगे। डॉ. गुप्ता ने कहा कि सही समय पर सही निदान और उपचार से मरीजों को बेहतर जीवन गुणवत्ता दी जा सकती है। फेफड़ों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।